भारत सरकार
इस्पात मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3840
12 अगस्त, 2025 को उत्तर के लिए

इस्पात क्षेत्र में पीएलआई योजना

3840. श्री बालाशौरी वल्लभनेनीः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या 2020 में विशिष्ट इस्पात के लिए 6,300 करोड़ रुपये के अनुमानित परिव्यय के साथ उत्पादन-आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना की घोषणा की गई थी;

(ख) यदि हाँ, तो नवंबर 2020 में इसके कार्यान्वयन के बाद से इसमें कितना निवेश आकर्षित हो सकता था;

(ग) नवंबर 2020 में इसके कार्यान्वयन के बाद से इसमें कितना अतिरिक्त उत्पादन हो सकता था;

(घ) नवंबर, 2020 से इसमें कितने रोजगार अवसर उत्पन्न हो सकते थे; और

(ङ) 6,300 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय में से अब तक कितनी प्रोत्साहन राशि वितरित की गई है?

उत्तर

इस्पात मंत्री (श्री एच. डी. कुमारास्वामी)

(क)से(ङ): देश में 'विशेष इस्पात' के विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए जुलाई, 2021 में 6,322 करोड़ रुपये के समग्र बजट के साथ विशेष इस्पात के लिए उत्पादन संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना शुरू की गई थी। विशेष इस्पात के लिए पीएलआई योजना का विवरण इस प्रकार है:-

	चयनित कंपनियों द्वारा योजना अवधि के दौरान प्रतिबद्धता
निवेश (करोड़ रु. में)	44,000
उत्पादन (मिलियन टन में)	14.3
रोजगार (संख्या में)	31,000
वितरित प्रोत्साहन राशि (करोड़ रुपये में)	48 (जुलाई, 2025 तक)

******